संख्या-6/2016/87/एक-6-2016-135(25)/04

प्रेषक,

मनोज कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं सचिव,
राजस्व परिषद,
उ0प्र0 लखनऊ।

राजस्व अनुभाग-6 **लखनऊ दिनांक 11 फरवरी, 2016**

विषय: राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश लखनऊ मुख्यालय पर सृजित एक विशेष कार्याधिकारी के नि: संवर्गीय अस्थायी पद की वर्ष 2014-15 की कार्योत्तर स्वीकृति एवं वित्तीय वर्ष 2015-16 की निरन्तरता के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-जी-33/1-2 जी/06, दिनांक 29 जुलाई, 2015 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजस्व परिषद मुख्यालय में शासनादेश संख्या-2369/एक-6-2005-135(25)/2004 दिनांक 25-01-2006 द्वारा सृजित विशेष कार्याधिकारी के अस्थायी नि:संवर्गीय पद, पुनरीक्षित वेतनमान रू0 15600-39100 ग्रेड वेतन रू0 5400/- जिसकी अन्तिम बार निरन्तरता शासनादेश संख्या-1082/एक-6-2013-135(25)/2004, दिनांक 8 जनवरी, 2014 द्वारा दिनांक 01-03-2013 से 28-02-2014 तक की अवधि के लिए प्रदान की गयी थी, की वर्तमान में भी आवश्यकता को देखते हुए श्री राज्यपाल उक्त पद की दिनांक 01-03-2014 से 28-02-2015 तक की निरन्तरता की कार्योत्तर स्वीकृति एवं वित्तीय वर्ष 2015-16 में दिनांक 01-03-2015 से 29-02-2016 तक की अवधि की निरन्तरता बढ़ाये जाने की सहर्ष स्वीकृति निम्नलिखित शर्तो के अधीन प्रदान करते है:-

(1) उक्त पद धारक को शासन द्वारा समय-समय पर स्वीकृत मंहगाई भत्ते व अन्य भत्ते, जो अनुमन्य हो, देय होगें ।

(2) उपर्युक्त पद पर होने वाला व्यय वर्ष 2014-15 एवं चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 की अनुदान संख्या-52 के लेखाशीर्षक -2025-सचिवालय सामान्य सेवायें- आयोजनेत्तर- 099-01-राजस्व परिषद के अन्तर्गत सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा।

(3) यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय ई-5-100/दस-2016, दिनांक 03 फरवरी, 2016 में प्राप्त उनकी सहमत से जारी किये जा रहे है।

भवदीय,

(मनोज कुमार)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या- 6/2016/87(1)/एक-6-2016 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्य हेतु प्रेषित।

1- महालेखाकार, (प्रथम) उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- नियुक्ति अनुभाग-1/2
3- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-5 उ0प्र0 शासन ।
4- निबन्धक, राजस्व परिषद, इलाहाबाद ।
5- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(मनोज कुमार)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।